**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं**

जयपुर, 13 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि वंचित एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनका अप्रतिम योगदान रहा। संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन आदर्श मूल्यों से जुड़ा रहा है।

श्री बागडे ने सभी से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए भेदभाव रहित समाज के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

------